

# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

RNI No.- UPHIN/25/A4228
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

## अलीगढ़ न्यूज | सोमना गेहूं क्रय केंद्रों पर 1630 बोरे कम मिले, रिपोर्ट दर्ज



अलीगढ़ के सोमना स्थित दो सरकारी गेहूं क्रय केंद्रों पर बड़ी गड़बड़ी सामने आई है, जहां जांच के दौरान कुल 1630 गेहूं के बोरे कम पाए गए। यह मामला पीसीएफ के जिला प्रबंधक के. अनाकुल जैन द्वारा केंद्र प्रभारियों जय प्रकाश पांडेय और अतुल कुमार सारस्वत के खिलाफ थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट के बाद सामने आया। बताया गया कि 30 मई को एडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार ने दोनों क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया था, जिसमें रिकॉर्ड और मौके पर मौजूद स्टॉक का मिलान किया गया। जांच में सोमना प्रथम केंद्र पर 10,301 बोरों में से 630 बोरे कम पाए गए, जबकि सोमना द्वितीय केंद्र पर 10,453 बोरों में से 1000 बोरे गायब मिले।

इस तरह दोनों केंद्रों से कुल 1630 बोरे कम मिलने पर हड़कंप मच गया है। थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है और पूरे प्रकरण की छानबीन की जा रही है।

## कानपुर 'डॉक्टर डेविल' हत्याकांड | दरिंदगी

### गर्भपात के बाद हत्या, आम के बाग में मिली नग्न लाश, पूरी साजिश का खुलासा



कानपुर से सामने आया यह सनसनीखेज मामला पूरे उत्तर प्रदेश को हिला देने वाला है। बर्रा थाना क्षेत्र से 21 मई को लापता हुई युवती की हत्या की गुत्थी सुलझाते हुए पुलिस ने जो खुलासा किया है, वह बेहद चौंकाने वाला है। जांच के अनुसार उन्नाव के शेखपुर स्थित उत्तम हॉस्पिटल के संचालक देवकांत उत्तम ने इस पूरी वारदात को अंजाम दिया। आरोप है कि उसने पहले युवती से नजदीकियां बढ़ाईं, शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए और बाद में उसे लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया।

जानकारी के मुताबिक पीड़िता की मुलाकात वर्ष 2024 में तब हुई थी जब वह बीमार होने पर अस्पताल इलाज के लिए गई थी। यहीं से दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई और आरोपी ने उसका मोबाइल नंबर ले लिया। इसके बाद आरोपी ने धीरे-धीरे युवती को अपने जाल में फंसा लिया। आरोप है कि कानपुर स्थित एक फ्लैट में और बाद में मध्य प्रदेश के ओरछा स्थित होटल में भी उसके साथ शारीरिक शोषण किया गया। इसी दौरान युवती गर्भवती हो गई, जिसके बाद आरोपी ने 1 अगस्त 2025 को कल्याणपुर स्थित एक निजी अस्पताल में उसका गर्भपात भी कराया। पीड़िता पर यह भी आरोप है कि जब उसने आरोपी से शादी का दबाव बनाया और दूरी बनानी शुरू की, तो आरोपी ने उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। अश्लील फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर वह लगातार उसका शोषण करता रहा। परेशान होकर युवती ने उन्नाव कोतवाली में उसके खिलाफ यौन शोषण की रिपोर्ट दर्ज करा दी थी। इसी रिपोर्ट के बाद मामला और ज्यादा गंभीर हो गया। पुलिस जांच के अनुसार, इसी रंजिश में आरोपी देवकांत उत्तम ने 21 मई को युवती को फोन कराकर मिलने के लिए बर्रा बाईपास बुलाया। वहां पहले से ही स्कॉर्पियो कार में वह मौजूद था। जैसे ही युवती कार में बैठी, उसे उसी गाड़ी में गला घोंटकर मौत के घाट उतार दिया गया। बताया गया कि हत्या के समय कार उसका भतीजा विवेक पटेल चला रहा था। हत्या के बाद आरोपी ने सबूत मिटाने के लिए पूरी साजिश रची। सबसे पहले शव को उन्नाव स्थित अपने अस्पताल तक ले जाया गया। इसके बाद भतीजे विवेक पटेल और अस्पताल के गार्ड अजीत सिंह को शव ठिकाने लगाने की जिम्मेदारी दी गई। तीनों ने मिलकर शव को गंगा एक्सप्रेसवे के रास्ते बुलंदशहर के जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के अल्हौड़ गांव के आम के बाग में पहुंचाया। वहां शव को निर्वस्त्र कर फेंक दिया गया ताकि उसकी पहचान छुपाई जा सके। अगली सुबह 22 मई को स्थानीय लोगों ने आम के बाग में एक अज्ञात महिला का शव देखा, जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। शुरुआती जांच में शव की पहचान नहीं हो पाई थी, लेकिन बाद में 24 मई को जब युवती के परिवार ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई और पहचान की कोशिश की, तो शव की शिनाख्त हो गई। पहचान उसके हाथ में बंधे कलावे और नाक की कील के आधार पर हुई। इस पूरे मामले में पुलिस ने तेजी से जांच शुरू की और मोबाइल लोकेशन, कॉल डिटेल्स और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी तक पहुंच बनाई। पूछताछ के दौरान भतीजे विवेक पटेल ने कई अहम खुलासे किए, जिसके बाद मुख्य आरोपी देवकांत उत्तम ने भी बर्रा थाने में आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

## अलीगढ़ न्यूज | 16 जून से स्कूल खोलने के आदेश का किया विरोध



शासन द्वारा 16 जून से परिषदीय विद्यालयों को खोलने के निर्देश जारी किए जाने के बाद अलीगढ़ में प्राथमिक शिक्षक संघ ने इसका विरोध जताया है। संघ का कहना है कि भीषण गर्मी और मौसम की परिस्थितियों को देखते हुए विद्यालयों का संचालन 16 जून से शुरू करना उचित नहीं है। शिक्षकों ने मांग की है कि स्कूलों को 16 जून के बजाय 1 जुलाई से खोला जाए, ताकि छात्रों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखा जा सके। इस मांग को लेकर संघ ने प्रशासन से आदेश में संशोधन की अपील की है।

## मेरठ तुषार त्यागी हत्याकांड

### चल नहीं सकते तो कत्ल कैसे किया?', पिता पर बेटी-बहू के सवाल, कातिल पर बड़ा खुलासा



मेरठ के खरखौदा क्षेत्र में हुए तुषार त्यागी हत्याकांड में आरोपी पिता सुंदर त्यागी को लेकर चौंकाने वाले खुलासे सामने आए हैं। जमीन विवाद में बेटे की हत्या करने के आरोपी सुंदर त्यागी के बारे में परिजनों ने सवाल उठाए हैं कि जो व्यक्ति ठीक से चल भी नहीं सकता, वह हत्या कैसे कर सकता है। इसी बीच आरोपी की पहचान से जुड़ा एक बड़ा खुलासा हुआ है, जिसमें बताया गया है कि सुंदर त्यागी लगभग 20 साल पहले गांव छोड़कर देहरादून चला गया था और वहां उसने अपनी पहचान बदलकर विकास सुमन नाम से प्रॉपर्टी डीलिंग का काम शुरू कर दिया था। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि वारदात में इस्तेमाल की गई थार गाड़ी और लाइसेंसी पिस्टल इसी फर्जी नाम से रजिस्टर्ड हैं। मामले में आरोपी पिता और उसके साथी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है, जबकि पुलिस पूरे घटनाक्रम की गहनता से जांच कर रही है। बताया गया कि विवाद पैतृक जमीन को लेकर था, जिसमें 15 बीघा जमीन को लेकर आपसी टकराव इतना बढ़ गया कि बेटे तुषार की हत्या कर दी गई। घटना के बाद परिजनों में आक्रोश है और पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है।

# Aaj Ka Rashifal 4 June:

## इन 5 राशि वालों के लिए लझनों भरा रहेगा दिन, खर्चों को लेकर हो सकते हैं परेशान

आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 4 जून 2026 का राशिफल।4 जून का दिन सभी 12 राशियों के लिए नए अवसरों और चुनौतियों का संकेत लेकर आया है। कुछ जातकों को आर्थिक मामलों में लाभ मिलने की संभावना है, वहीं कुछ को कार्यक्षेत्र और निजी जीवन में सतर्कता बरतनी पड़ सकती है। आइए जानते हैं मेष से मीन राशि तक का 4 जून का दैनिक राशिफल।



### मेष

आज का दिन आपको सिखाएगा कि रिश्तों को संभालने में शब्दों की ताकत कितनी बड़ी होती है। आपकी एक मुस्कान और शांत व्यवहार घर के माहौल को पूरी तरह बदल सकता है। कामों में जल्दबाजी या लापरवाही करने से बाद में उलझनें बढ़ सकती हैं, इसलिए हर कदम सोच-समझकर बढ़ाएं। यदि आप किसी नए काम की शुरुआत करना चाहते हैं, तो समय आपके पक्ष में दिखाई दे रहा है। बिजनेस में रुकी हुई डील आगे बढ़ सकती है और आर्थिक स्थिति भी पहले से मजबूत होती नजर आएगी। आज लोग आपके व्यवहार और समझदारी से खासा प्रभावित होंगे।

### वृषभ

आज आपको अपने पैसों और फैसलों दोनों पर खास नजर रखने की जरूरत है। निवेश करने से पहले हर पहलू को अच्छे से समझ लें, क्योंकि छोटी-सी गलती आगे परेशानी बढ़ा सकती है। प्रॉपर्टी या लोन से जुड़े मामलों में सकारात्मक खबर मिल सकती है। किसी कानूनी मामले में भी परिस्थितियां आपके पक्ष में जाती दिख रही हैं। आज प्रभावशाली लोगों से मुलाकात हो सकती है, जो भविष्य में आपके लिए नए रास्ते खोलेंगी। भावनाओं में बहकर कोई फैसला लेने से बचें और अपने अनुभव पर भरोसा रखें।

### मिथुन

आज परिवार और अपनों का साथ आपको मानसिक सुकून देगा। लंबे समय से मन में चल रही कोई इच्छा पूरी हो सकती है, जिससे आपका उत्साह बढ़ेगा। घर में मेहमानों की आवाजाही से माहौल खुशियों से भरा रहेगा। जीवनसाथी हर परिस्थिति में आपका साथ देंगे, लेकिन निजी बातें हर किसी से साझा करने से बचें। बिजनेस में थोड़ी भागदौड़ रह सकती है, हालांकि आय में बढ़ोतरी के संकेत भी साफ दिखाई दे रहे हैं। छोटी परेशानियों को दिल पर लेने के बजाय मुस्कुराकर आगे बढ़ें।

### कर्क

आज आपको बेवजह के विवादों और बहस से दूरी बनाकर रखनी होगी। सरकारी कामों में फायदा मिलने के योग हैं, इसलिए जरूरी कागजात और योजनाओं पर ध्यान दें। यात्रा या किसी मुलाकात के दौरान ऐसी जानकारी मिल सकती है, जो भविष्य में आपके लिए बेहद फायदेमंद साबित होगी। विरोधियों की बातों में आने के बजाय अपने आत्मविश्वास को मजबूत बनाए रखें। काम की गति तेज रहेगी और आपकी समझदारी कई मुश्किलों को आसान बना देगी।

### सिंह

आज आर्थिक मामलों में राहत और खुशी दोनों मिलने के संकेत हैं। व्यापार में लाभ के अवसर बनेंगे और रुका हुआ धन भी वापस मिल सकता है। परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताकर मन हल्का महसूस करेगा। किसी पुराने मित्र से मुलाकात दिल को खुश कर सकती है। हालांकि संतान की पढ़ाई या भविष्य को लेकर थोड़ी चिंता बनी रह सकती है। पैसों के लेन-देन में किसी अनजान व्यक्ति पर भरोसा करने से बचें।

### कन्या

आज आपका मन दूसरों की मदद करने और अच्छे कार्यों में लगेगा। समाज में आपकी छवि मजबूत होगी और लोग आपकी सराहना करेंगे। पुरानी गलतियों से सीख लेकर आगे बढ़ना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही बिल्कुल न करें और खान-पान पर नियंत्रण रखें। विद्यार्थियों के लिए दिन राहत देने वाला रहेगा, मानसिक दबाव कम होगा और पढ़ाई में मन लगेगा।

### तुला

आज आपकी नेतृत्व क्षमता लोगों को प्रभावित करेगी। प्रेम संबंधों में मधुरता बढ़ेगी और साथी के साथ रिश्ता पहले से ज्यादा मजबूत महसूस होगा। किसी रुके हुए काम में देरी होने से थोड़ी निराशा हो सकती है, लेकिन जल्द ही परिस्थितियां आपके पक्ष में आती नजर आएंगी। नई डील या अनुबंध भविष्य में अच्छा लाभ दे सकते हैं। आपकी मीठी वाणी और समझदारी आज कई लोगों का दिल जीत लेगी।

### वृश्चिक

आज धैर्य और समझदारी आपके सबसे बड़े हथियार साबित होंगे। खर्चों पर नियंत्रण रखना जरूरी रहेगा, वरना बजट बिगड़ सकता है। परिवार में खुशखबरी या किसी नए सदस्य के आने से माहौल उत्साहित रहेगा। वाहन चलाते समय विशेष सावधानी बरतें। किसी मित्र या सहयोगी की मदद से आर्थिक समस्या का हल निकल सकता है। विरोधियों की बातों में आने से बचें और शांत मन से फैसले लें।

### धनु

आज का दिन उत्साह और नई योजनाओं से भरा रहेगा। जीवनसाथी के साथ अच्छा तालमेल रहेगा और भविष्य को लेकर महत्वपूर्ण बातचीत हो सकती है। माता-पिता के आशीर्वाद से लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा होने की संभावना है। कामों को योजना बनाकर करेंगे, तो दिन बेहद सफल रहेगा। कोई सहकर्मी आपको परेशान करने की कोशिश कर सकता है, लेकिन आपकी समझदारी परिस्थिति संभाल लेगी।

### मकर

आज आपको हर कदम सोच-समझकर उठाना होगा। दूसरों के मामलों में ज्यादा दखल देने से बचें। आपके अंदर भरपूर ऊर्जा रहेगी और आप अपने काम तेजी से पूरे करेंगे। नई प्रॉपर्टी, वाहन या जमीन खरीदने के लिए दिन शुभ माना जा सकता है। परिवार का सहयोग मिलेगा और माता-पिता का आशीर्वाद आपके कई रुके हुए काम पूरे करवा सकता है। छोटी-छोटी बातों पर बहस करने से बचें।

### कुंभ

आज भाई-बहनों और करीबी दोस्तों के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। पुराने दोस्तों से मुलाकात पुरानी यादें ताजा कर सकती है। बिजनेस और नौकरी में किसी अनजान व्यक्ति की सलाह मानने से बचें। विद्यार्थियों के लिए दिन खास रहेगा, विशेषकर जो विदेश में पढ़ाई का सपना देख रहे हैं। पुरानी गलतियों को लेकर खुद को दोष देने के बजाय उनसे सीख लें और आगे बढ़ें।

### मीन

आज का दिन खुशियों और राहत से भरा रहेगा। परिवार में यदि कुछ समय से तनाव चल रहा था, तो बातचीत के जरिए स्थितियाँ सुधर सकती हैं। नए लोगों से मुलाकात भविष्य में अच्छे अवसर लेकर आ सकती है। सरकारी कामों में सफलता मिलने के संकेत हैं। हालांकि खर्चों पर नियंत्रण रखना जरूरी होगा। पिता या किसी बड़े की बात बुरी लगे, तो उसे दिल से लगाने के बजाय शांत मन से समझने की कोशिश करें। ध्यान और मेडिटेशन आज आपके मन को काफी शांति देंगे।

# Bihar: मुजफ्फरपुर के निजी अस्पताल में भीषण आग,

## 20 हताहत; ICU में अफरातफरी, पांच मौतों की पुष्टि

बिहार के मुजफ्फरपुर स्थित प्रसाद अस्पताल के आईसीयू में कथित शॉर्ट सर्किट के बाद भीषण आग लग गई। राहत एवं बचाव कार्य जारी है। कई मरीजों के हताहत होने की आशंका जताई जा रही है।बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में प्रसाद अस्पताल के आईसीयू में गुरुवार तड़के करीब दो बजे आग लग गई। अब तक पांच लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। मरने वालों में औराई के 30 वर्षीय शशांक कुमार, कथैया की गीता देवी और तरियानी-शिवहर के 57 वर्षीय उदय कुमार, कृष्ण नंदन और चंचला कुमारी के शव की पहचान हो सकी है। करीब 20 लोगों के हताहत होने की जानकारी आई, लेकिन मौतों की संख्या पर



औपचारिक पुष्टि नहीं हो रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग अस्पताल की ऊपरी मंजिल स्थित आईसीयू में लगी, जिसके बाद पूरे परिसर में धुआं फैल गया और मरीजों व उनके परिजनों के बीच भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने का अभियान शुरू किया गया। ब्रह्पुरा थाना क्षेत्र में इस घटना से अफरातफरी मच गई। मौके पर कई घंटे बाद भी लोग मौतों की वास्तविक संख्या नहीं बता पा रहे थे, क्योंकि बेसुध अवस्था में निकाले गए लोगों को आसपास के दूसरे अस्पतालों में ले जाने की बात कही जा रही थी। बचाव कार्य में अस्पताल के कर्मी शुरू में लगे थे, लेकिन फिर अफरातफरी की स्थिति हो गई। ब्रह्मपुरा थाने के पुलिसकर्मियों ने बताया कि आग की सूचना शोरगुल से ही मिली थी। इसके बाद जिसे-जैसे मौका मिला, भागते हुए बचाव कार्य में लग गए हैं। दमकलकर्मियों ने शॉर्ट सर्किट से आग और 10 से 15 बेसुध लोगों को निकाले जाने की बात कही। मौतों का आंकड़ा बढ़ सकता है।मौके पर आए डीएम सुब्रत कुमार सेन ने कहा कि अस्पताल प्रशासन की लापरवाही पर परिजनों ने शिकायतें की हैं। फिलहाल आसपास के अस्पतालों में भी टीम देख रही है कि यहां से मरीज अगर ले जाए गए हैं तो उनकी स्थिति कैसी है?

# मानसून की आहट: तमिलनाडु में जमकर बरसेंगे बादल,

## दिल्ली में भी येलो अलर्ट जारी; क्या गर्मी से मिलेगी निजात?

आईएमडी के अनुसार 4 जून को केरल में मानसून की दस्तक हो सकती है। तमिलनाडु में भारी बारिश का अनुमान है, जबकि दिल्ली में 4-5 जून के लिए आंधी-बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम में बदलाव से गर्मी और उमस से राहत मिलने की उम्मीद है।देश के कई हिस्सों में भीषण गर्मी और उमस से परेशान लोगों के लिए राहत भरी खबर है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार दक्षिण-पश्चिम मानसून 4 जून को केरल में दस्तक दे सकता है। इसके साथ ही देश में चार महीने लंबे मानसून सीजन की औपचारिक शुरुआत हो जाएगी। मानसून की प्रगति के साथ दक्षिण भारत से लेकर उत्तर भारत तक मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है।



आईएमडी के मुताबिक केरल और कर्नाटक के तटीय इलाकों में पहले से ही अच्छी बारिश हो रही है। वहीं तमिलनाडु के दक्षिण-पश्चिमी जिलों में अगले कुछ दिनों तक भारी वर्षा का दौर जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने कोयंबटूर, तिरुनेल्वेली, कन्याकुमारी और इरोड समेत 15 जिलों में 7 जून तक भारी बारिश का अनुमान जताया है। केरल के दक्षिणी हिस्सों में भी 5 जून तक मूसलाधार बारिश की चेतावनी जारी की गई है। यहां ऑरेंज अलर्ट लागू है और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं।मुंबई स्थित आईएमडी के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया कि मानसून केरल पहुंचने के बाद धीरे-धीरे आगे बढ़ेगा और लगभग एक सप्ताह में महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों तक पहुंच सकता है।

# सलमान खान को आया गुस्सा!

## भाईजान की लीगल टीम ने 'काला हिरण' के निर्माता-निर्देशक को भेजा नोटिस; दी ये चेतावनी



Kala Hiran: सलमान खान से जुड़ा काला हिरण शिकार मामला एक बार फिर चर्चा में है। इस मामले पर फिल्म बनाने वालों को सलमान खान की टीम ने लीगल नोटिस भेजा है।बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान और लॉरेंस बिश्नोई के बीच का विवाद चर्चा में है। इस विवाद के पीछे की अहम वजह 1998 में काले हिरण का शिकार का मामला है। इस मामले पर फिल्म 'काला हिरण' बनाई जा रही है।

# कैसा होगा 'पंचायत' का सीजन 5?



Panchayat Season 5: 'पंचायत' सीजन 5 में दर्शकों को एक बार फिर फुलेरा गांव की वही जानी-पहचानी दुनिया देखने को मिलेगी। इस बार कहानी में राजनीति, भावनाओं और कॉमेडी का तड़का और भी ज्यादा बड़ा और बेहतर होने वाला है।वेब सीरीज 'पंचायत' सीजन 5' को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह है। हाल ही में शो में 'विकास' का किरदार निभाने वाले अभिनेता चंदन रॉय ने आने वाले सीजन को लेकर कुछ दिलचस्प बातें शेयर की हैं।चंदन रॉय ने बताया कि 'पंचायत' का अगला सीजन पहले से कहीं ज्यादा मजेदार और शानदार होने वाला है। जब उनसे सीजन 5 के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने सिर्फ तीन शब्दों में इसका राज खोलाते हुए कहा, 'बड़ा, बेहतर और खूबसूरत।'वैराइटी इंडिया के अनुसार, चंदन रॉय का कहना है कि शुरुआत में विकास सिर्फ एक कॉमेडी किरदार था, लेकिन चार सीजनों के सफर में वह दर्शकों के दिलों के बहुत करीब आ गया है। विकास की सादगी और उसकी सच्ची भावनाएं ही हैं, जिसकी वजह से लोगों ने उसे इतना प्यार दिया है। इस शो की सबसे अच्छी बात यह है कि समय के साथ हर किरदार की कहानी और उनके आपसी रिश्ते बदलते रहते हैं।चंदन रॉय का हुनर सिर्फ फुलेरा गांव तक सीमित नहीं रहा, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी चमक रहा है। उनकी फिल्में 'आरजे बस्तर' और 'द लास्ट राइड' की चर्चा कान फिल्म फेस्टिवल में हुई। उनकी एक और फिल्म '

# वीकएंड पर कैसा रहा 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' का कलेक्शन? करुप्पु' और 'दृश्यम 3' की कमाई में आया उछाल



Box Office Collection: इन दिनों सिनेमाघरों में बॉलीवुड और साउथ की कई फिल्में लगी हुई हैं। इस बीच जैकी श्रॉफ की अदाकारी वाली फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' भी रिलीज हो गई है। आइए जानते हैं इन सभी फिल्मों ने रविवार को कितना कलेक्शन किया है। सिनेमाघरों में हाल ही में जैकी श्रॉफ की फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' ने दस्तक दी है। सिनेमाघरों में बॉलीवुड की फिल्में, पति-पत्नी और वो दो' और 'चांद मेरा दिल' पहले से चल रही हैं। वहीं साउथ की फिल्में 'करुप्पु' और 'दृश्यम 3' भी बॉक्स ऑफिस पर धमाका मचा रही हैं। ऐसे में आइए जानते हैं कि रविवार को कौन सी फिल्म ने कितना कलेक्शन किया है। नई रिलीज हुई फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' ने तीसरे दिन यानी रविवार को 56 लाख रुपये का कलेक्शन किया है। इससे पहले इसने 50 लाख रुपये का कलेक्शन किया था। पहले दिन फिल्म ने 25 लाख रुपये से खाता खोला था। फिल्म का टोटल कलेक्शन 1.31 करोड़ रुपये हो गया है। यह 29 मई 2026 को थिएटर में रिलीज हुई थी। ये बच्चों की फिल्म है, जो एलियंस और सुपरहीरो पर आधारित है। लक्ष्य और अनन्या पांडे की अदाकारी वाली फिल्म 22 मई को सिनेमाघरों


# IPL 2026: 15 साल के वैभव सूर्यवंशी ने जीती ऑरेंज कैप गिल-सुदर्शन को छोड़ा पीछे



आईपीएल 2026 का सीजन कई यादगार प्रदर्शनों के लिए याद रखा जाएगा, लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा राजस्थान रॉयल्स के 15 वर्षीय बल्लेबाज Vaibhav Sooryavanshi की रही। युवा बल्लेबाज ने अपने शानदार खेल से न केवल क्रिकेट जगत को प्रभावित किया, बल्कि पूरे टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाकर ऑरेंज कैप भी अपने नाम कर ली। वैभव ने 16 मैचों में 776 रन बनाए और सीजन के शीर्ष रन स्कोरर रहे। ऑरेंज कैप की दौड़ में Shubman Gill और Sai Sudharsan भी मजबूती से बने हुए थे। गुजरात टाइटंस के दोनों बल्लेबाजों ने पूरे सीजन बेहतरीन प्रदर्शन किया, लेकिन फाइनल मुकाबले में बड़ी पारी खेलने में असफल रहे। गिल ने 16 मैचों में 732 रन और सुदर्शन ने 17 मैचों में 722 रन बनाए, जबकि वैभव का रिकॉर्ड कोई नहीं तोड़ सका। वैभव सूर्यवंशी का यह प्रदर्शन इसलिए भी खास माना जा रहा है क्योंकि उन्होंने महज 15 साल की उम्र में अनुभवी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को पीछे छोड़ दिया। इस सीजन उनके बल्ले से एक शतक और पांच अर्धशतक निकले। उनका स्ट्राइक रेट 237.30 रहा, जो टूर्नामेंट के सबसे आक्रामक बल्लेबाजों में उन्हें शामिल करता है।

# Virat-Anushka: RCB की जीत पर जश्न में डूबे विराट और अनुष्का, तस्वीरें हुईं वायरल

आईपीएल 2026 के फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने गुजरात टाइटंस को हराकर लगातार दूसरी बार खिताब अपने नाम किया। इस जीत में विराट कोहली की अहम भूमिका रही, वहीं स्टेडियम में मौजूद उनकी पत्नी और बॉलीवुड अभिनेत्री अनुष्का शर्मा भी पूरे मैच के दौरान टीम का उत्साह बढ़ाती नजर आईं। जीत के बाद दोनों के कई भावुक और खुशनुमा पल कैमरों में कैद हुए, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। मैच के दौरान विराट कोहली ने अपना अर्धशतक पूरा करने के बाद स्टैंड्स में बैठी अनुष्का शर्मा की ओर फ्लाइंग किस भेजी। जवाब में अनुष्का ने भी मुस्कुराते हुए विराट की ओर फ्लाइंग किस भेजी। यह खूबसूरत पल फैंस को काफी पसंद आया और कुछ ही देर में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। फाइनल जैसे बड़े मुकाबले में दोनों के बीच दिखी यह बॉन्डिंग चर्चा का विषय बन गई। खिताबी जीत के बाद मैदान पर विराट और अनुष्का साथ नजर आए।





दोनों एक-दूसरे से बातचीत करते हुए बेहद खुश दिखाई दिए। विराट ने प्यार से अनुष्का के कंधे पर हाथ रखा और दोनों ने आईपीएल ट्रॉफी के साथ कई तस्वीरें खिंचवाईं। कैमरों के सामने कपल ने विक्ट्री साइन बनाकर पोज दिए और जीत की खुशी खुलकर जाहिर की। एक तस्वीर में विराट और अनुष्का ट्रॉफी को गौर से देखते नजर आए। बताया जा रहा है कि ट्रॉफी पर आरसीबी का नाम दो बार दर्ज होने की बात देखकर दोनों मुस्कुरा पड़े। मैदान पर मौजूद अन्य खिलाड़ियों और टीम स्टाफ के साथ भी उन्होंने इस ऐतिहासिक उपलब्धि का जश्न मनाया। जीत की खुशी में विराट अपने फैंस को भी नहीं भूले। उन्होंने मैदान से दर्शकों का अभिवादन किया और टीम को समर्थन देने के लिए उनका आभार जताया। फैंस भी लगातार विराट और अनुष्का के नाम के नारे लगाते रहे, जिससे स्टेडियम का माहौल और भी खास बन गया।

# Wheat Price:

## रिकॉर्ड उत्पादन और सरकारी खरीद से मंडियों में टूटा गेहूं का भाव, किसानों की आमदनी पर संकट गहराया



कटाई के समय (मार्च-अप्रैल) हुई बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि के कारण इस साल गेहूं की चमक एवं दानों को नुकसान पहुंचा था। इस वजह से निजी मिलर्स और बड़े व्यापारी खराब गुणवत्ता वाले गेहूं को महंगे दामों पर खरीदने के इच्छुक नहीं दिखे। दूसरी तरफ, कृषि विभाग के आंकड़ों के मुताबिक इस फसल वर्ष (2025-26) में देश में गेहूं उत्पादन बढ़कर 12.06 करोड़ टन के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने का अनुमान है, जो पिछले साल के 11.79 करोड़ टन से अधिक है। बंपर उत्पादन और बाजार की सुस्ती के चलते पिछले एक महीने में देशभर के विभिन्न मंडियों में गेहूं की कीमतों में करीब 2.5 फीसदी तक की गिरावट आ चुकी है।सरकार का गेहूं स्टॉक पिछले साल के 356.72 लाख टन से बढ़कर 427.98 लाख टन हो गया है, जो अब केंद्रीय पूल में 5.13 करोड़ टन के मजबूत स्तर पर पहुंच चुका है। यह जुलाई के अनिवार्य बफर मानक 2.75 करोड़ टन से काफी अधिक है।

देश में रिकॉर्ड गेहूं उत्पादन और सरकार की बंपर खरीद के चलते मंडियों में कीमतें लगातार गिर रही हैं। बढ़े हुए सरकारी स्टॉक और कमजोर निजी मांग ने बाजार संतुलन बिगाड़ दिया है।देश में इस साल गेहूं के रिकॉर्ड उत्पादन और उम्मीद से अधिक सरकारी खरीद ने मंडियों का समीकरण पूरी तरह बदल दिया है। सरकार की गेहूं खरीद 2026-27 के रबी विपणन सत्र में 17 फीसदी बढ़कर 3.5 करोड़ टन से अधिक हो गई है। यह 3.45 करोड़ टन के तय लक्ष्य और पिछले वर्ष के तीन करोड़ टन के स्तर दोनों से अधिक है।एक तरफ जहां सरकारी गोदाम गेहूं से पट रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ मंडियों में बंपर आवक और व्यापारियों की कमजोर दिलचस्पी के कारण गेहूं की कीमतों में लगातार गिरावट देखी जा रही है। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि खुली मंडियों में भाव टूटने से किसानों की नकद कमाई प्रभावित होगी, जिससे पहले से ही सुस्त ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर दबाव और ज्यादा बढ़ सकता है।

# Gold Silver Price:

## सोने-चांदी की कीमतों में जोरदार वापसी सोना 1.61 लाख रुपये के पार, जानें बाजार का हाल



सर्राफा बाजार में भारी उछाल दिखा है। कमजोर डॉलर और कच्चे तेल में नरमी से सोने का भाव 1.61 लाख रुपये और चांदी 2.71 लाख रुपये के पार। पढ़ें अंतरराष्ट्रीय बाजार के रुझान और आगे का आउटलुक।राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने और चांदी की कीमतों में एक बार फिर बड़ी तेजी दर्ज की गई है। कमजोर अमेरिकी डॉलर और कच्चे तेल की कीमतों में आई नरमी के चलते बहुमूल्य धातुओं की मांग अचानक बढ़ गई है। आइए समझते हैं कि अंतरराष्ट्रीय और घरेलू स्तर पर कौन से आर्थिक और भू-राजनीतिक कारक इस तेजी को हवा दे रहे हैं।अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 1,050 रुपये की जोरदार छलांग लगाकर 1,61,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया है, जिसमें सभी कर शामिल हैं। गौरतलब है कि पिछले कारोबारी सत्र (सोमवार) में सोना 1,60,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। सोने के साथ-साथ चांदी की कीमतों में भी बड़ी मजबूती देखी जा रही है। चांदी का भाव 1,300 रुपये चढ़कर 2,71,000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया है, जो पिछले सत्र में 2,69,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर था।

# The Bonus Market Update:

## शेयर बाजार में शुरुआती झटके; सेंसेक्स 500 अंक टूटा, निफ्टी 23,300 के नीचे फिसला



भारतीय शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार में ही भारी गिरावट देखने को मिली। ओपनिंग के समय सेंसेक्स 500 अंक लुढ़का और निफ्टी 23,300 के नीचे फिसला। बाजार का पूरा हाल जानने के लिए क्लिक करें।गुरुवार को शुरुआती कारोबार में भारतीय शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट दर्ज की गई। यह गिरावट वैश्विक बाजारों में कमजोर रुझानों और पश्चिम एशिया में जारी अनिश्चितता के कारण हुई। विदेशी फंड की लगातार निकासी भी बाजार पर भारी पड़ी। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 229.69 अंक गिरकर 74,139.32 पर आ गया। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 66.30 अंक की गिरावट के साथ 23,339 पर पहुंचा। हालांकि उतार-चढ़ाव के बीच एक समय पर सेंसेक्स और निफ्टी हरे निशान पर भी कारोर करते दिखे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से ट्रेंट, इंफोसिस, एचडीएफसी बैंक, बजाज फिनसर्व, कोटक महिंद्रा बैंक और टाटा स्टील सबसे बड़े नुकसान में रहे।

वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.97 फीसदी गिरकर 96.86 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। बुधवार को सेंसेक्स 303.67 अंक या 0.41 फीसदी गिरकर 74,346.17 पर बंद हुआ था। निफ्टी भी 77.95 अंक या 0.33 फीसदी की गिरावट के साथ 23,405.60 पर समाप्त हुआ था।जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा कि निकट भविष्य में बाजार के लिए चुनौतियां अधिक हैं। पश्चिम एशिया में जारी अनिश्चितता और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की लगातार बिक्री बाजार पर दबाव डाल रही है। उन्होंने यह भी बताया कि अमेरिका, जापान, दक्षिण कोरिया और ताइवान जैसे बाजारों में तेजी का माहौल है। यह भारत से और अधिक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की बिक्री का संकेत देता है।रूस से ऊर्जा कीमतों और वैश्विक व्यापार प्रवाह पर प्रभाव पड़ता है।

# क्या है सेक्शन 301?:

## जिसके आड़ में दोबारा टैरिफ लगाने की फिराक में है US

अमेरिका 1974 के ट्रेड एक्ट की धारा 301 के तहत भारत समेत 60 देशों की व्यापार नीतियों की जांच कर रहा है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय (USTR) का कहना है कि कई देशों की नीतियां अमेरिकी व्यापार में बाधा पैदा करती हैं और 54 देश जबरन श्रम से बने उत्पादों के निर्यात पर प्रभावी रोक लगाने में विफल रहे हैं।अमेरिका भारत समेत 60 देशों के खिलाफ नए व्यापारिक कदम उठा सकता है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय (USTR) ने संकेत दिया है कि 1974 के अमेरिकी व्यापार कानून की धारा 301 (Section 301) के तहत चल रही जांच के नतीजे आने वाले हफ्तों में जारी किए जाएंगे। जांच में दक्षिण कोरिया, चीन, जापान और भारत सहित 70 से अधिक देशों की व्यापार नीतियों की समीक्षा की जा रही है। ग्रीयर ने कहा कि ट्रंप प्रशासन का उद्देश्य अमेरिकी विनिर्माण क्षेत्र को मजबूत करना और उत्पादन गतिविधियों को वापस अमेरिका लाना है। उनका दावा है कि लंबे समय से जारी अनुचित व्यापारिक प्रथाओं और बढ़ते व्यापार घाटे के कारण अमेरिका को सख्त टैरिफ नीति अपनानी पड़ रही है।सेक्शन 301 अमेरिका के 1974 के ट्रेड एक्ट का एक प्रावधान है, जो अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय को किसी देश की व्यापारिक नीतियों की जांच करने और उन्हें अमेरिकी हितों के खिलाफ या अनुचित पाए जाने पर जवाबी कार्रवाई की अनुमति देता है।।



### अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि ने क्या बताया

अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (USTR) जैमीसन ग्रीयर ने कहा कि अगर जांच में अनुचित व्यापारिक प्रथाएं, अत्यधिक उत्पादन क्षमता या जबरन श्रम से जुड़े मामलों की पुष्टि होती है, तो अमेरिका अतिरिक्त टैरिफ या अन्य व्यापारिक प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव ला सकता है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय द्वारा जारी बयान के अनुसार, धारा 301 के तहत यह पाया गया है कि 60 देशों की नीतियां और कार्यशैली अमेरिकी व्यापार पर गैरजरूरी दबाव डालती हैं और अमेरिकी कारोबार में बाधा उत्पन्न करती हैं। USTR अमेरिका की वह संघीय एजेंसी है जो देश की विदेश व्यापार नीति तैयार करने और व्यापारिक जांच करने के लिए जिम्मेदार है।बयान में कहा गया है कि भारत समेत 54 देश ऐसे उत्पादों के निर्यात पर प्रभावी प्रतिबंध लगाने में विफल रहे हैं, जिनके निर्माण में जबरन श्रम का इस्तेमाल होने की आशंका रहती है। इस सूची में भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, बांग्लादेश, चीन, जापान, सऊदी अरब, सिंगापुर, ब्रिटेन और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देश भी शामिल हैं। सेक्शन 301 अमेरिका के 1974 के ट्रेड एक्ट का एक प्रावधान है, जो अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय को किसी देश की व्यापारिक नीतियों की जांच करने और उन्हें अमेरिकी हितों के खिलाफ या असर पड़ सकता है।

## तिलक या श्रेयस नहीं: सैमसन कप्तान के तौर पर गंभीर की पहली पसंद! कोच के साथ यह विवाद अय्यर पर पड़ सकता है भारी



भारतीय टी20 टीम की कप्तानी में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। खराब फॉर्म के कारण सूर्यकुमार यादव का कप्तानी और टीम दोनों से बाहर होना लगभग तय माना जा रहा है। उनकी जगह श्रेयस अय्यर और तिलक वर्मा प्रमुख दावेदार हैं, लेकिन मुख्य कोच गौतम गंभीर की पहली पसंद संजू सैमसन बताए जा रहे हैं। हालांकि चयनकर्ता सैमसन और ईशान किशन की निरंतरता को लेकर पूरी तरह आश्वस्त नहीं हैं। वहीं, गंभीर और श्रेयस अय्यर के बीच 2024 के आईपीएल सीजन के दौरान हुए मतभेद भी कप्तानी की दौड़ को प्रभावित कर सकते हैं। भारतीय टी20 टीम की कप्तानी में जल्द बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। बीसीसीआई के सूत्रों के मुताबिक, सूर्यकुमार यादव को कप्तानी से हटाने की तैयारी पूरी हो चुकी है और इंग्लैंड दौरे के लिए टीम चुने जाने से पहले ही इस फैसले की जानकारी बीसीसीआई की एपेक्स काउंसिल को दी जा सकती है। हालांकि, नए कप्तान को लेकर कोच गौतम गंभीर और अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति के बीच सहमति नहीं बन रही है। गंभीर किसी और को टी20 कप्तान बनाना चाहते हैं, जबकि चयनकर्ता उसके लिए तैयार नहीं हैं। सूर्यकुमार पिछले करीब 18 महीनों से उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। चयनकर्ताओं ने आईपीएल 2026 तक इंतजार किया, लेकिन उनकी फॉर्म में कोई खास सुधार नहीं दिखा। ऐसे में अब उन्हें कप्तानी के साथ-साथ टीम से भी बाहर किया जा सकता है। एक सूत्र ने न्यूज एजेंसी पीटीआई से कहा, 'सूर्यकुमार को कप्तानी से हटाया जाना तय है। चयनकर्ताओं ने आईपीएल खत्म होने तक इंतजार किया, लेकिन वह सिर्फ रन नहीं बना रहे थे बल्कि पूरी तरह लय से बाहर दिख रहे थे। ऐसे में कठिन फैसला लेना जरूरी हो गया था।'

## T20I Captaincy: खराब फॉर्म की वजह से छिन सकती है सूर्यकुमार यादव की कप्तानी इन दो खिलाड़ियों का नाम चर्चा में



खराब फॉर्म के कारण सूर्यकुमार यादव की भारत की टी20 कप्तानी पर खतरा मंडरा रहा है। बीसीसीआई सूत्रों के मुताबिक, श्रेयस अय्यर और तिलक वर्मा अगले टी20 कप्तान बनने की दौड़ में सबसे आगे हैं। भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव की कप्तानी पर खतरा मंडरा रहा है। समाचार एजेंसी पीटीआई ने बीसीसीआई के एक सूत्र के हवाले से बताया कि, हालिया समय में खराब प्रदर्शन और निरंतरता की कमी के कारण चयनकर्ता टी20 टीम की कप्तानी में बदलाव पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। यह खबर भारत के आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे के लिए टीम चयन से ठीक पहले सामने आई है। बीसीसीआई अब 2028 टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए भविष्य की टीम तैयार करने की दिशा में काम कर रहा है और इसी रणनीति के तहत नए कप्तान की तलाश शुरू हो गई है। टी20 कप्तानी की दौड़ में श्रेयस अय्यर और तिलक वर्मा के नाम सबसे आगे बताए जा रहे हैं। दोनों खिलाड़ियों ने हाल के महीनों में शानदार प्रदर्शन किया है और टीम प्रबंधन का भरोसा भी हासिल किया है। श्रेयस अय्यर को उनके नेतृत्व अनुभव और दबाव में खेलने की क्षमता के कारण मजबूत उम्मीदवार माना जा रहा है। वहीं, युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा को भविष्य के कप्तान के रूप में देखा जा रहा है, जिन्होंने सीमित अवसरों में अपनी प्रतिभा का प्रभावी प्रदर्शन किया है। सूर्यकुमार यादव को टी20 क्रिकेट के सबसे विस्फोटक बल्लेबाजों में गिना जाता है। उन्होंने भारत के लिए अब तक 113 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में 3272 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका औसत 36.35 और स्ट्राइक रेट 162.94 का रहा है। हालांकि पिछले डेढ़ साल में उनके प्रदर्शन में गिरावट देखने को मिली है। जनवरी 2025 से मार्च 2026 के बीच सूर्यकुमार ने 35 टी20 मुकाबलों में सिर्फ 702 रन बनाए, जबकि उनका औसत महज 26 रहा। वहीं पूरे 2024 में उन्होंने 18 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 429

## 2008 चैंपियंस लीग रद्द करने की कीमत चुकानी पड़ी?: ललित मोदी बोले- मर्डोक मेरे दुश्मन बन गए सुनाई पूरी कहानी



पूर्व आईपीएल कमिश्नर ललित मोदी ने दावा किया है कि 2008 मुंबई आतंकी हमलों के बाद चैंपियंस लीग टी20 (CLT20) को रद्द करने के फैसले के कारण मीडिया कारोबारी रूपर्ट मर्डोक उनके "दूसरे सबसे बड़े दुश्मन" बन गए थे। लंदन में दिए एक इंटरव्यू में मोदी ने कहा कि टूर्नामेंट के प्रसारण अधिकार पहले ही मर्डोक की कंपनी को बेच दिए गए थे और रद्द होने के बावजूद ब्रॉडकास्टर को अनुबंध के तहत भुगतान करना पड़ा। मोदी ने यह भी कहा कि उनके खिलाफ कई ताकतवर लोग हो गए थे, जिसके कारण उनके लिए लड़ाई जारी रखना मुश्किल हो गया पूर्व आईपीएल कमिश्नर ललित मोदी ने चैंपियंस लीग टी20 (CLT20) के रद्द होने को लेकर बड़ा खुलासा किया है। लंदन में एएनआई से बातचीत के दौरान उन्होंने दावा किया कि इस फैसले के बाद वैश्विक मीडिया कारोबारी रूपर्ट मर्डोक उनके दूसरे सबसे बड़े दुश्मन बन गए थे। चैंपियंस लीग का पहला संस्करण तीन से 10 दिसंबर 2008 के बीच आयोजित होना था। हालांकि 26/11 मुंबई आतंकी हमलों के बाद सुरक्षा कारणों से टूर्नामेंट को पहले स्थगित किया गया और बाद में पूरी तरह रद्द कर दिया गया। इसके बाद प्रतियोगिता का पहला संस्करण 2009 में आयोजित हुआ। ललित मोदी ने कहा कि उन्होंने चैंपियंस लीग टी20 के प्रसारण अधिकार रूपर्ट मर्डोक के मीडिया नेटवर्क को बेचे थे। टूर्नामेंट रद्द होने से भारी वित्तीय नुकसान हुआ, जिससे दोनों पक्षों के संबंध प्रभावित हुए। मोदी ने कहा, 'रूपर्ट मर्डोक मेरे दूसरे सबसे बड़े दुश्मन बन गए थे क्योंकि मैंने चैंपियंस लीग के अधिकार रूपर्ट मर्डोक को बेचे थे। यह कहानी पहले भी सामने आ चुकी है।' मोदी का दावा है कि टूर्नामेंट रद्द होने के बावजूद ब्रॉडकास्टर अनुबंध के तहत भुगतान करने के लिए बाध्य था। उनके अनुसार, जैसे ही टीमें आयोजन स्थल पर पहुंच गई थीं, समझौता प्रभावी हो चुका था। उन्होंने कहा, 'मैंने चैंपियंस लीग (2008) रद्द कर दी थी। उन्हें सैकड़ों मिलियन डॉलर का नुकसान हुआ। लेकिन उन्हें हमें भुगतान करना पड़ा, क्योंकि जैसे ही टीम मैदान पर पहुंचती है अनुबंध लागू हो जाता है। इसलिए वह कानूनी रूप से प्रभावी था। रूपर्ट ने मेरे जाने के बाद भी मुझ पर अनुबंध रद्द करने का दबाव बनाया। उन्होंने अनुबंध खत्म करने के लिए मुझे सैकड़ों मिलियन डॉलर देने की पेशकश की। मैं वह पैसा ले सकता था और मैंने लिया भी, लेकिन इससे मेरा एक और दुश्मन बन गया।'



## क्या SKY का कटेगा पत्ता?: आयरलैंड दौरे से पहले भारत को मिलेगा नया कप्तान इन तीन खिलाड़ियों पर BCCI की नजर



भारतीय टी20 टीम की कप्तानी से सूर्यकुमार यादव की छुट्टी हो सकती है। ऐसे में किन खिलाड़ियों पर बीसीसीआई की नजर है? भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव की कप्तानी पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, चयनकर्ता आगामी आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे से पहले टी20 टीम की कमान किसी नए खिलाड़ी को सौंपने पर विचार कर रहे हैं। सूर्यकुमार का हालिया प्रदर्शन उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा है और यही वजह है कि उनकी कप्तानी के साथ-साथ टीम में जगह भी खतरे में बताई जा रही है। बीसीसीआई सूत्रों के अनुसार चयनकर्ताओं ने आईपीएल के बाद सूर्यकुमार की फॉर्म का आकलन किया, लेकिन वे बल्लेबाजी में प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे। ऐसे में अब भारतीय टी20 टीम के लिए नए कप्तान की तलाश तेज हो गई है। फिलहाल तीन नाम सबसे ज्यादा चर्चा में हैं। इनमें श्रेयस अय्यर, तिलक वर्मा और संजू सैमसन का नाम शामिल है। तीनों खिलाड़ियों के पास अलग-अलग कारण हैं जो उन्हें कप्तानी का मजबूत दावेदार बनाते हैं। अगर अनुभव के आधार पर देखा जाए तो श्रेयस अय्यर सबसे मजबूत दावेदार नजर आते हैं। उन्होंने आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स को पहली बार फाइनल तक पहुंचाया था। इसके बाद कोलकाता नाइट राइडर्स को खिताब दिलाया और हाल ही में पंजाब किंग्स को भी फाइनल तक पहुंचाकर अपनी नेतृत्व क्षमता साबित की। श्रेयस भारत के लिए सीमित ओवरों में लगातार अच्छा प्रदर्शन करते रहे हैं। उनकी सबसे बड़ी ताकत दबाव में शांत रहना और मैच की परिस्थितियों को समझना मानी जाती है। यही वजह है कि चयनकर्ताओं की पहली पसंद के तौर पर उनका नाम सामने आ रहा है। 23 वर्षीय तिलक वर्मा को भारतीय क्रिकेट का भविष्य माना जा रहा है। चयनकर्ताओं ने हाल ही में उन्हें श्रीलंका में होने वाली त्रिकोणीय सीरीज के लिए भारत-ए टीम की कप्तानी सौंपी है नेतृत्व कौशल की परीक्षा के तौर पर देखा जा रहा है। तिलक ने अब तक अपने टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर में 1300 से ज्यादा रन बनाए हैं। उनका औसत करीब 45 और स्ट्राइक रेट 145 से अधिक है, जो उन्हें आधुनिक टी20 क्रिकेट का आदर्श बल्लेबाज बनाता है।



# BOOK YOUR ADVERTISEMENT

+91 7088120612



